**बिहार राज्य भंडार निगम**

बी–2, प्रथम तल, मौर्यलोक परिसर, पटना–1

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– ED-09/2026–27**

मात्र ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर बिहार राज्य भंडार निगम ई–निविदा प्रक्रिया के माध्यम से दो बीड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण/मरम्मति आदि कार्य हेतु निविदा आमंत्रित करता है।

1 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम : प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भंडार निगम, पटना
2. निविदा आमंत्रण की तिथि : दिनांक 06.07.2026
3. निविदा कागजात प्राप्ति (डाउनलोड करने) की तिथि एवं समय : दिनांक 21.07.2026 को 11:00 बजे पूर्वाहन से
4. प्री–बीड मीटिंग की तिथि/समय/स्थान : दिनांक 27.07.2026 को 12:30 बजे अपराहन में सभागार कक्ष, बिहार राज्य भंडार निगम, मौर्यालोक, पटना
5. निविदा कागजात अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 06.08.2026, 3:00 बजे अपराहन तक
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि व समय : दिनांक 07.08.2026 को 11:00 बजे पूर्वाहन
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि व समय : तकनीकी बीड के निष्पादन के पश्चात
8. निविदा बिक्री, प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : वेबसाईट (https://eproc2.bihar.gov.in)
9. निविदा वैधता की अवधि : 120 दिन (तकनीकी बीड खोलने की तिथि से)
10. निविदा स्वीकृत करने वाले पदाधिकारी : प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भंडार निगम, पटना
11. **कार्य का विवरणी** :–

| क्रम | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रु. में) | परिमाण विपत्र का मूल्य + 18% GST (रु. में) | अग्रधन की राशि (रु. में) | बेल्ट्रॉन को देय राशि (रु. में) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1- | मुजफ्फरपुर **नारायणपुर अनंत** में गोदाम संख्या 1A, 1B, 1C और 2A, 2B, 2C के बीच सड़क का जीर्णोधार कार्य। | 23,72,788.00 | 5,900.00 | 47,456.00 | As per eproc 2 | तीन माह |
| 2- | **सासाराम (तकिया गुमटी)** विभागीय गोदाम सं0 G, H, I एवं F का मरम्मति एवं जीर्णोधार कार्य। | 40,03,491.00 | 5,900.00 | 80,070.00 | As per eproc 2 | पॉच माह |
| 3- | **नौगछिया** बाजार समिति स्थित गोदाम सं0 8, 9 एवं 10 के दक्षीण चाहरदीवारी का निर्माण कार्य। | 38,66,935.00 | 5,900.00 | 77,339.00 | As per eproc 2 | पॉच माह |
| 4- | **बेगुसराय** बाजार समिति परिसर अवस्थित बिहार राज्य भंडार निगम के गोदाम सं0– G1, G2, G3 मरम्मति एवं गेट का जीर्णोधार तथा गोदाम सं0 G3 के उत्तर एवं पश्चिम में सड़क, नाला का निर्माण कार्य। | 39,53,195.00 | 5,900.00 | 79,064.00 | As per eproc 2 | पॉच माह |

12. निविदा प्रपत्र मात्र https://eproc2.bihar.gov.in वेबसाइट पर डाउनलोड और अपलोड किया जा सकता है। वर्त्तमान निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा से संबंधित जानकारी अभियंत्रण शाखा, बिहार राज्य भंडार निगम, बी–2, प्रथम तल, मौर्यलोक परिसर, पटना के दूरभाष संख्या 0612–22225324 पर भी कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।
13. ई–निविदा में भाग लेने वाले इच्छुक संवेदकों को ई–प्रोक्युरमेन्ट, eproc2 हेल्प डेस्क, mjunction services limited, RJ Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S. - Shastri Nagar, Patna 800014, Bihar (Toll Free Number: 1800 572 6571, Email Id: eproc2support@bihar.gov.in) पर संपर्क किया जा सकता है।
14. ई–निविदा में भाग लेने के इच्छुक संवेदको को ई–प्रोक्युरमेन्ट/बेल्ट्रान के साथ निबंधन कराना होगा। वेबसाईट पर आवश्यक निबंधन प्रपत्र उपलब्ध है। इस निबंधन से उन्हें User ID तथा Password मिलेगा। संवेदक को DSC (Digital Signature Certificate) भी प्राप्त करना होगा। User ID Password, DSC एवं इन्टरनेट के माध्यम से ही संवेदक ई–निविदा में भाग ले सकेगें।
15. बिहार राज्य भंडार निगम के समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग लेगें। निविदा में भाग लेने वाले वैसे निविदादाता जो बिहार राज्य भंडार निगम में निबंधित नहीं है उन्हें निविदा अपलोड करने से पूर्व बिहार राज्य भंडार निगम में निबंधन कराना अनिवार्य होगा। निविदादाता प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग निविदा (तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा) समर्पित करेंगे तथा प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग निविदा प्रपत्र का मूल्य (BOQ) और अग्रधन राशि (EMD) तथा Bid Processing Fee जमा करेंगे। निविदादाता विहित BOQ एवं

EMD की राशि जमा कर साक्ष्य के रूप में भुगतान विवरणी की स्कैन कॉपी को तकनीकी बोली के साथ Upload करना सुनिश्चित करेगें। समूचित श्रेणी के संवेदक ही निविदा में भाग लेगें।

16. निविदा प्रपत्र का मूल्य (BOQ) और अग्रधन राशि (EMD) तथा Bid Processing Fee का भुगतान मात्र Internet Payment Gateway (IPG)/Challan के माध्यम से https://eproc2.bihar.gov.in पर होगा ।

17. निविदा केवल ई–निविदा पद्वति के अनुसार वेबसाईट (https://eproc2.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जायेगा। संवेदक द्वारा मात्र उपर्युक्त वेबसाईट से ही ई–निविदा प्राप्त करने के उपरान्त वेबसाईट पर ही ईलेक्ट्रॉनिक निविदा पत्र को भरकर अपलोड करना है। निविदा में भाग लेने हेतु निम्नलिखित कागजात/प्रमाण पत्र/शपथ पत्र अनिवार्य रूप से तकनीकी बीड में अपलोड/जमा करना होगा :–

i. निविदादाता/संवेदक का आधार कार्ड की प्रति।
ii. निविदादाता/संवेदक का पैन कार्ड की प्रति जिसकी विवरणी अग्रांकित है:–
   a) व्यक्तिगत के लिए (निविदादाता का पैन कार्ड)
   b) फर्म/पार्टनरशीप फर्म के लिए (फर्म का पैन कार्ड)
   c) कम्पनी के लिए (कम्पनी का पैन कार्ड)
   d) समिति के लिए (समिति का पैन कार्ड)
iii. निविदादाता/संवेदक/संस्थान का विगत तीन वित्तीय वर्षों के आयकर रिटर्न की प्रति।
iv. निविदादाता/संवेदक एवं उनके संस्थान के सभी सहभागियों (पार्टनर/डायरेक्टर/सदस्य) का आचरण प्रमाण पत्र जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत की प्रति।
v. निविदादाता/संवेदक/संस्थान का GST निबंधन प्रमाण पत्र की प्रति।
vi. निविदादाता/संवेदक/संस्थान से संबंधित भुगतान का विवरणी संलग्न विहित प्रपत्र ANNEXURE-"I" में समर्पित करना होगा।
vii. बिहार राज्य भंडार निगम के पदाधिकारी/कर्मी एवं उनके निकटतम परिजन (माता/पिता/पति/पत्नी/पुत्र/पुत्री/भाई/बहन/ससुराल पक्ष के संबंधी) निविदा देने के पात्र नहीं होंगें। इस संबंध में शपथ पत्र संलग्न विहित प्रपत्र (ANNEXURE-"II") में समर्पित करना होगा।
viii. सजायाफ्ता/सिद्ध दोषी/सरकारी राशि के दुरूपयोग/गबन के दोषी, किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थान द्वारा काली सूचीबद्ध/प्रतिबंधित (Debarred) तथा जिनकी अग्रधन (EMD)/ प्रतिभूमि राशि (Security Deposite)/ बैंक गारंटी (BG) जब्त की गई हो एवं अनर्हित (Disqualified) हो निविदा देने के पात्र नहीं होंगे। तत्संबंधी से विहित प्रपत्र (ANNEXURE-"III") में निर्गत शपथ पत्र जमा करना होगा।
ix. फर्म/कम्पनी एवं समिति की स्थिति में निम्नानुसार कागजात की प्रति जमा करना होगा:–
   a) फर्म/पार्टनरसीप फर्म के लिए रजिर्स्टड पार्टनरशीप डीड।
   b) कम्पनी के लिए registrar of Company द्वारा निर्गत Certificate of Incorporation तथा Memorandum of Association एवं Article of Association और Resolution.
   c) समिति के लिए समिति का Registration Certificate एवं उसका अद्यतन निर्वाचन प्रमाण पत्र, Bye Laws तथा उसका Resolution.
   d) संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में निविदादाता होने की स्थिति में प्राधिकृति पत्र/पावर ऑफ अटॉर्नी विहित प्रपत्र (ANNEXURE-"IV") में संलग्न करना होगा।
x. प्रत्येक निविदा के लिए निविदा/निविदादाता संबंधी विवरणी विहित प्रपत्र (ANNEXURE-"V") में अलग–अलग जमा करना होगा।
xi. निविदादाता/संवेदक एवं उनके संस्थान के सभी सहभागियों (पार्टनर/डायरेक्टर/सदस्य) का विवरण संलग्न विहित प्रपत्र ANNEXURE-"V"(I) में समर्पित करना होगा।
xii. बिहार राज्य भंडार निगम में असैनिक कार्य के लिए संवेदक के रूप में निबंधन का प्रमाण पत्र की प्रति।
xiii. उपर्युक्त वांछित कागजात/शपथ पत्र/प्रमाण पत्र तकनीकी बोली अन्तर्गत अपलोड/जमा करना आवश्यक है।

उपरोक्त वर्णित पठनीय प्रति संलग्न ANNEXURE ''I'', ''II '', ''III'', ''IV '' एवं ''V'' तथा परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन राशि अलग–अलग निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा अमान्य समझी जायेगी। अद्यतन प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की प्राप्ति रसीद मान्य नहीं होगा।

18. प्राक्कलित राशि में कमी या वृद्धि हो सकती है। अतः अनुमोदित परिमाण विपत्र के अनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

19. निविदादाताओं द्वारा परिमाण विपत्र क्रय करने के पहले कार्य स्थल, प्राक्कलन राशि एवं निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता से पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के पश्चात् ही निविदा जमा करने का परामर्श दिया जाता है। इस संबंध में बाद में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

20. निविदादाताओं को आवंटित कार्य से संबंधित मुख्य निर्माण सामग्रियों का गुण नियंत्रण द्वारा जांचोपरान्त समर्पित प्रतिवेदन भी दिया जाना आवश्यक होगा। जिसके अभाव में भुगतान रोक दिया जा सकता है।

21. वैसे संवेदक जो निविदा में भाग लेने से बंचित है (Debar), अथवा जिनका पूर्व से आवंटित कार्य लंबित चल रहा है, अथवा पूर्व आवंटित कार्य का एकरारनामा अबतक नही किये है या आवंटित कार्य शुरू नहीं किये है निविदा में भाग लेने के पात्र नही होंगे।

22. निधि उपलब्ध होने पर ही एकरारनामा एवं भुगतान किया जायेगा। इस मद में सम्वेदक का कोई भी दावा या ब्याज इत्यादि अनुमान्य नहीं होगा।

23. संवेदक के द्वारा विविध कार्यों के लिए एकरारनामा लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 (F2) पर किया जाएगा तथा पथ निर्माण विभाग के संकल्प सं0 ए0–21 नियम 08 / 92–613 (ए) दिनांक 18.11.1992 से एकरारनामा प्रपत्र एफ–2 की कंडिका सं0 23 को विलोपित माना जायेगा।

24. कार्य प्रारंभ के पूर्व कार्य के दौरान तथा कार्य समाप्ति के उपरांत अर्थात् कार्य के तीनों स्थितियों से संबंधित कार्य स्थल की फोटोग्राफी/विडियोग्राफी करनी होगी तथा इससे संबंधित फोटोग्राफी/सी0 डी0 संबंधित कनीय अभियंता/ सहायक अभियंता को समर्पित करनी होगी जो उन फोटोग्राफी/सी0डी0 की जांचोपरान्त अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु उन्हें निगम के कार्यपालक अभियंता को समर्पित करेंगे।

25. निविदा में अन्तिम रूप में संवेदक का चयन होने के पश्चात एकरारनामा करने के पूर्व संवेदक को कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) कार्यालय में निबंधन कराना एवं कार्य का Labour Licence कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनके पक्ष में किये गये कार्यावंटन को रद्द कर दिया जायगा। भविष्य में उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा एवं उनका अग्रधन राशि जब्त कर दिया जायेगा।

26. संवेदक को निगम के कार्य पूरा करने के लिए किसी भी प्रकार का उपकरण एवं समाग्रियाँ निगम के द्वारा देय नही होगा।

27. निविदा में मूल निर्माण कार्य/जीर्णोधार/मरम्मति कार्य के साथ–साथ 3 वर्षों के लिए सभी असैनिक कार्यों की Defect liability अवधि होगी। ऐसे मामले में जमानत की राशि संतोषजनक कार्य पूरा होने की स्थिति में कार्य की समाप्ति के बाद निम्न प्रकार से वापस की जायेगी–

    (क) कार्य पूर्ण होने के उपरान्त सुरक्षित जमा राशि तथा अतिरिक्त परफॉर्मेंस गारंटी की जमा राशि।

    (ख) कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष के उपरान्त 1.5 प्रतिशत।

    (ग) कार्य पूर्ण होने के 2 वर्ष के उपरान्त 1.5 प्रतिशत।

    (घ) कार्य पूर्ण होने के 3 वर्ष के उपरान्त 2 प्रतिशत।

28. निविदा में परिमाण विपत्र से कम दर अंकित करने पर अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) देय होगा।

29. यह निविदा आमंत्रण सूचना एवं परिमाण विपत्र के साथ निर्गत विशेष शर्त्त भी एकरारनामा का अंग होगा।

30. सभी वांछित आवश्यक कागजात/प्रमाण पत्र/शपथ पत्र आदि एवं अन्य कागजात तकनीकी निविदा के साथ ही संलग्न कर https://eproc2.bihar.gov.in पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है। उपर्युक्त वेबसाईट के अलावा अन्य माध्यम से कागजात/प्रमाण पत्र/शपथ पत्र आदि एवं विहित BOQ मूल्य, Bid Processing Fee एवं EMD राशि स्वीकार्य नहीं होगा।

31. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का शुद्धि पत्र https://eproc2.bihar.gov.in वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा। निविदाकर्त्ता उक्त वेबसाईट से प्रकाशित निविदा से संबंधित किसी भी अद्यतन जानकारी को प्राप्त कर सकते है।

32. निविदाकर्त्ता निविदा से संबंधित सभी स्कैन कागजात पर क्रम संख्या डालकर उसे क्रमानुसार अपलोड करें, ताकि उन कागजात को आसानी से ढूंढ़ा जा सके। सभी कागजातों को पीडीएफ प्रारूप में अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

33. निविदाकर्त्ता को अपलोड किये गए निविदा से संबंधित सभी स्कैन कागजातों की सुस्पष्टता के बारे में स्वयं संतुष्ट होना चाहिए, की वे पढ़ने योग्य हैं। सभी कागजातों पर निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर एवं मुहर आवश्यक है। इसका अनुपालन नहीं होने पर निविदा विचारणीय नहीं होगा एवं निरस्त किया जायेगा।

34. निविदा कागजात अपलोड/डाउनलोड करने में इंटरनेट सेवाओं में बाधा के कारण त्रुटि रहने पर किसी भी कठिनाई पर विचार नहीं किया जाएगा और निगम जवाबदेह नहीं होगा। निविदाकर्त्ताओं को सलाह है, कि निविदा अपलोड करने के दौरान किसी भी कठिनाई से बचने के लिए निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से पूर्व ही निविदा संबंधी वांछित कागजात अपलोड कर दें, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके।

35. सशर्त्त निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। इसे अस्वीकृत किया जायेगा तथा EMD की राशि जब्त की जायेगी।

36. कोई भी Post Tender Negotiation नहीं किया जायेगा।

37. निविदा खोलने के लिए तय तिथि को, यदि अवकाश घोषित किया जाता है, तो अवकाश के बाद अगले कार्य दिवस पर निविदा को निर्धारित समय पर खोला जाएगा।

38. तकनीकी बोली (Technical Bid) में सफल निविदादाता का ही वित्तीय बोली (Financial Bid) उक्त वेबसाईट के माध्यम से खोली जायेगी।

39. वित्तीय बोली के खोले जाने से पूर्व तकनीकी निविदा में सफल सभी निविदादाता के द्वारा सभी मूल कागजात/प्रमाण पत्र/शपथ पत्र आदि को सत्यापन के लिए बिहार राज्य भंडार निगम, प्रधान कार्यालय, पटना में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। अपलोड किये गये कागजातों/प्रमाण पत्र/शपथ पत्र आदि के मूल प्रति को सत्यापन के लिए प्रस्तुत नहीं करने वाले निविदादाता की वित्तीय बोली नहीं खोली जायेगी तथा उनकी निविदा अस्वीकृत कर अग्रधन राशि जब्त कर ली जाएगी।

40. वित्तीय बोली के शब्दों और अंकों में यदि कोई अंतर होता है तो दोनों में जो भी न्यून होगा, वहीं बोली मान्य होगी।

41. सभी निर्देशों को ई–निविदा के शर्त्तों के अनुरूप पढ़ा एवं संव्यवहार किया जाना चाहिए।

42. निविदादाता द्वारा समर्पित सूचना/कागजात/प्रमाण पत्र/शपथ पत्र आदि के छद्म/फर्जी/गलत पाये जाने पर बिना किसी पूर्व सूचना/कारण पृच्छा के उनके निविदा को अमान्य/रद्द किया जायेगा तथा उनको काली सूचीबद्ध कर उनके द्वारा समर्पित राशि को जब्त किया जायेगा एवं उनके विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

43. बिहार राज्य भंडार निगम के प्रबंध निदेशक के पास बिना कोई कारण बताए अथवा कोई सूचना दिये बगैर निविदा को संशोधित/स्वीकार/अस्वीकार एवं किसी भी समय रद्द करने अथवा एतद संबंध में कोई भी निर्णय का अधिकार सुरक्षित होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार/मान्य नहीं होगा।

प्रबंध निदेशक
बिहार राज्य भंडार निगम, पटना

**ANNEXURE- "I"**

# ***DETAILS OF PAYMENT MADE THROUGH IPG.***

Notice No:- ........................................

1. Name of the Tenderer:
2. Bank Name:
3. Bank Account No (through which payment mode):
4. IFSC Cosde:
5. Name of the Account Holder:
6. Type of Account:
7. Mobile Number of Tenderer:
8. PAN No. of Tenderer:
9. Email ID of Tenderer:
10. Paid BOQ Amount (Rs.):
11. UTR/Transaction No. & Date (BOQ):
12. Paid EMD Amount (Rs.):
13. UTR/Transaction No. & Date (EMD):
14. Bank Branch Address:

Date:

(Signature of Tenderer)

Place:

......................................................

(Full Name) ...............................................

Address .....................................................

Seal ............................................................

## ANNEXURE- "II"

## संबंधी/रिश्तेदार नहीं होने का शपथ पत्र

मैं .................. उम्र ................... पिता .................. जो की ग्राम/मुहल्ला/वार्ड नंबर .................... ................ थाना .................. पोस्ट ऑफिस .................. जिला का स्थायी निवासी हूॅ और यह शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूॅ कि बिहार राज्य भंडार निगम में कार्यरत कोई भी पदाधिकारी/कर्मी निकटतम संबंधी (अभिपेत है माता/पिता/भाई/बहन/पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी या ससुराल पक्ष के संबंधी नहीं है।

मैं यह भी घोषणा करता हूॅ यदि उपर्युक्त में से कोई कार्यरत पाया जाता है तो निविदा रद्द करनें के साथ ही कानूनी कार्रवाई करनें के लिए पात्र का भागी रहूॅगा।

1 गवाह का नाम व हस्ताक्षर
(..........................................................)

शपथकर्ता का नाम
(...........................................)

शपथकर्ता का हस्ताक्षर
(...........................................)

2 गवाह का नाम व हस्ताक्षर
(..........................................................)

**ANNEXURE- "III"**

**सजायाफ्ता/सिद्ध दोषी/सरकारी राशि का दुरूपयोग/गबन के दोषी/सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थान द्वारा काली सूचीबद्ध/प्रतिबंधित तथा अग्रधन/प्रतिभूति राशि/बैंक गारंटी जब्त की गई हो एवं अनर्हित (disqualified) नहीं होने का शपथ पत्र**

मैं .................. उम्र ................... पिता .................. जो की ग्राम/मुहल्ला/वार्ड नंबर ........................ थाना .................. पोस्ट ऑफिस .................. जिला का स्थायी निवासी हूँ और यह शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि

1) मैं/मेरे पार्टनरशीप फर्म/कम्पनी/समिति के कोई साझेदार अथवा कम्पनी के निदेशक/प्रर्वतक के विरूद्ध किसी भी अपराधिक या सिविल मामले में न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध नहीं किया गया है/सजायाफ्ता नहीं हूँ।
2) नियमों/निदेशो के असंगत आचरण/कार्य के कारण सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थान द्वारा मुझे/मेरे संस्थान को काली सूची अथवा कार्य करनें हेतु प्रतिबंधित नहीं किया गया है।
3) किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार के किसी भी संस्थान द्वारा किसी कारणवश भी अग्रधन (EMD) अथवा प्रतिभूति राशि (Security Money)/ बैंक गारंटी (BG) की जब्ती या कटौती नहीं की गई है एवं अनर्हित (Disqualified) नहीं हूँ।
4) असंतोषजनक कार्य के लिए किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार या इसके अधीन एजेन्सीयों द्वारा दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। मै/मेरा संस्थान सरकारी राशि का दुरूपयोग/गबन का दोषी नहीं है।
5) मेरे द्वारा समर्पित तथ्य/वांछित कागजात/शपथ पत्र/ प्रमाण पत्र आदि सही वो सत्य है। उपर्युक्त के गलत/छद्म/फर्जी पाये जाने पर कानूनी कार्रवाई का भागीदार होउॅगा।

1 गवाह का नाम व हस्ताक्षर

(............................................................)

शपथकर्ता का नाम

(..........................................)

शपथकर्ता का हस्ताक्षर

(..........................................)

## **ANNEXURE- "IV"**

## प्राधिकृति पत्र

| आवेदक का अभिप्रमाणित फोटो |
|---|

**सेवा में,**

**प्रबंध निदेशक,**
**बिहार राज्य भंडार निगम,**
**पटना।**

संदर्भः– निविदा सूचना संख्या–..........................................., दिनांक ...............................................

महाशय,

निम्नलिखित व्यक्ति को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा फर्म ....................................................... के प्रतिनिधि के रूप में आवेदन करने एवं अग्रत्तर कार्यार्थ प्राधिकृत किया जाता हैः–

**प्राधिकृत व्यक्ति की विवरणी**

1) नाम :–

2) आधार कार्ड संख्या :–

3) पैन नम्बर :–

4) मोबाईल नम्बर :–

5) पता :–

6) ईमेल पता :–

7) प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर :–

उपर्युक्त प्राधिकृत व्यक्ति को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि के रूप में किये गये कार्य/विनिश्चय एवं निर्णय मान्य होगा।

तिथि :–

प्राधिकृत करने वाले अधिकृत
(Authorised) व्यक्ति का नाम एवं
हस्ताक्षर तथा मुहर

## **ANNEXURE- "V"**

# निविदा/निविदादाता संबंधी विवरण प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| 1) | निविदादाता का नाम | |
| 2) | कार्य का नाम | |
| 3) | निविदादाता का स्वरूप व्यक्तिगत/फर्म/कम्पनी/समिति का नाम | |
| 4) | आधार कार्ड संख्या | |
| 5) | निविदादाता/संस्थान का पैन कार्ड की संख्या | |
| 6) | निविदादाता का राष्ट्रीयता | |
| 7) | निविदादाता का मोबाईल संख्या | |
| 8) | निविदादाता का ई–मेल संख्या | |
| 9) | निविदादाता का स्थायी पता | |
| 10) | निविदादाता का पत्राचार का पता | |
| 11) | निविदादाता का निगम में सम्वेदक के रूप में निबंधित श्रेणी | |
| 12) | निविदादाता का निगम में सम्वेदक निबंधन संख्या | |
| 13) | निविदादाता का निगम में निबंधन सम्वेदक वैद्यता तिथि | |
| 14) | समर्पित निविदा प्रपत्र (BOQ) Cost का IPG का UTR/Transaction No. | |
| 15) | निविदा प्रपत्र (BOQ) Cost का IPG का दिनांक | |
| 16) | समर्पित अग्रधन राशि (EMD) का IPG का UTR/Transaction No. | |
| 17) | समर्पित अग्रधन राशि (EMD) का दिनांक | |
| 18) | समर्पित निविदा प्रपत्र (BOQ Cost) के बैंक का नाम | |
| 19) | समर्पित अग्रधन प्रपत्र (EMD) के बैंक का नाम | |
| 20) | बेल्ट्रॉन को समर्पित Bid Processing Fee की विवरणी | |

1) अद्योहस्ताक्षरी ने तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली ई–निविदा प्रक्रिया के माध्यम से समर्पित किया है।
2) अद्योहस्ताक्षरी ने वांछित निविदा प्रपत्र मूल्य (BOQ) एवं अग्रधन राशि (EMD) तथा Bid Processing जमा किया है।
3) अद्योहस्ताक्षरी ने वांछित कागजात/प्रमाण पत्र/शपथ पत्र आदि समर्पित किया है।
4) मैंने वर्त्तमान निविदा संबंधित NIT को पूर्ण रूप से पढ़ और समझ लिया है। इससे संबंधित अधिनियम/नियम/प्रावधानों तथा निदेशों एवं शर्त्तों आदि का पालन करूँगा।
5) यदि समर्पित कागजात/प्रमाण पत्र/शपथ पत्र आदि गलत/जाली/हेराफेरी/अनियमित पाया जाता है तो मैं कानूनी कार्रवाई का भागीदार होऊँगा।

निविदादाता का हस्ताक्षर व मुहर

**ANNEXURE-"V"(I)**

निविदादाता/संस्थान के सहभागी/पार्टनर/डायरेक्टर/सदस्य का विवरणः—

| निविदादाता/फर्म/पार्टनरशीप/ कम्पनी/समिति का नाम एवं पता | सहभागी/पार्टनर/डायरेक्टर/सदस्य का नाम | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | क्रम सं0 | नाम | पदनाम | राष्ट्रीयता | आधार कार्ड संख्या |
| | 1 | | | | |
| | 2 | | | | |
| | 3 | | | | |
| | 4 | | | | |
| | 5 | | | | |
| | 6 | | | | |

नोटः संबंधित सभी सहभागी/पार्टनर/डायरेक्टर/सदस्य के आधार कार्ड एवं जिला पुलिस अधीक्षक स्तर से निर्गत आचरण प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें।

निविदादाता का हस्ताक्षर एवं मुहर